राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने पटना उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधिपति के रूप में न्यायमूर्ति श्री अमरेश्वर प्रताप साही को शपथ दिलायी

पटना, 17 नवम्बर 2018

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने आज राजभवन में पटना उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधिपति के रूप में न्यायमूर्ति श्री अमरेश्वर प्रताप साही को पद की शपथ दिलायी।

राजभवन के दरबार हॉल में पूर्वाह्न 10:30 बजे आयोजित शपथ–ग्रहण–समारोह में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी सहित राज्य मंत्रिपरिषद् के कई मंत्रिगण, पटना उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीशगण, लोकायुक्त, महाधिवक्ता, जन–प्रतिनिधिगण, राज्य के विभिन्न आयोगों, समितियों, निकायों एवं संगठनों आदि के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य तथा राज्य सरकार के विभिन्न वरीय पदाधिकारीगण सहित कई गणमान्यजन उपस्थित थे।

....